भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1783
29.07.2026 को उत्तर देने के लिए

हरियाणा के रोहतक में लंबित सरकारी परियोजनाएं

1783. श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डाः

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) रोहतक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में केन्द्र सरकार की कितनी परियोजनाएं लंबित हैं और परियोजना रिपोर्ट, उनके आरंभ होने से लेकर अब तक आवंटित और उपयोग की गई निधियों का चालू वर्ष सहित वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या ऐसी किसी परियोजनाओं के निष्पादन में विलंब के कारण लागत में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) रोहतक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रत्येक लंबित परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) उक्त लंबित परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) से (घ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को 150 करोड़ रुपये और उससे अधिक लागत वाली चल रही केंद्रीय क्षेत्र की अवसंरचना परियोजनाओं की स्थिति की निगरानी और ऑनलाइन पोर्टल/वेब निगरानी प्रणाली "परियोजना मूल्यांकन अवसंरचना निगरानी और राष्ट्रीय निर्माण हेतु विश्लेषण (पैमाना)" के माध्यम से करने का अधिदेश दिया गया है। सभी संबंधित मंत्रालय/विभाग/कार्यान्वयन एजेंसियाँ एपीआई (ऐप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) और डेटा एंट्री मोड के माध्यम से पैमाना पोर्टल पर परियोजनाओं की जानकारी नियमित रूप से अपडेट करती हैं।

तद्नुसार, इस मंत्रालय द्वारा सभी चल रही अवसंरचना परियोजनाओं का परियोजना -वार विवरण https:/paimana-proj.mospi.gov.in/ReportPage वेबसाइट पर प्रकाशित 'फ्लैश रिपोर्ट' में उपलब्ध है। तथापि, डेटा की राज्य स्तर पर निगरानी की जाती है।

इसके अतिरिक्त, मासिक फ्लैश रिपोर्ट कार्यान्वयन एजेंसियों/मंत्रालय/विभाग द्वारा प्रदान की गई सूचना के आधार पर कमीशनिंग की मूल/संशोधित तिथि, मूल लागत/नवीनतम संशोधित लागत, संचयी व्यय, संचयी भौतिक प्रगति आदि जैसे कई प्रमुख मापदंडों को संक्षेप में प्रस्तुत करती है।

*****